# Mental Health Nursing, 04

Q. मनोरोग परिचारिका या मनोरोग नर्सिंग को परिभाषित कीजिए।

Define psychiatric nursing?

अथवा

साइकेट्रिग नर्सिंग क्या है?

What is psychiatric nursing?

उत्तर - मनोरोग नर्सिंग (Psychiatric Nursing) –

मनोरोग विज्ञान में नर्स की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है क्योंकि रोगी पूर्ण रूप से दैनिक आवश्यकताओं व कार्यों के लिए स्वास्थ्य दल पर निर्भर होता है तथा रोग के समय हीनता व एकांकी भावना रोग को और गम्भीर बना देती है।

ऐसे समय में नर्स द्वारा अपने ज्ञान का प्रयोग उसकी भावनाओं को समझने व उसकी देखभाल में किया जाता है। अतः मनोरोग विज्ञान में नर्स का कार्य और महत्वपूर्ण हो जाता है।

The role of a nurse in psychiatry is very important because the patient is completely dependent on the health team for his daily needs and tasks and the feeling of inferiority and loneliness during illness makes the disease more serious.

At such times, the nurse uses her knowledge to understand his feelings and take care of him. Therefore, the work of a nurse in psychiatry becomes more important.

परिभाषाएं (Definitions)

Joyce Travelbee के अनुसार

मनोरोग नर्सिंग एक अन्तर्वेयक्तिक प्रक्रिया है जिसके द्वारा प्रोफेशनल नर्स व्यक्ति विशेष, परिवार व समुदाय के मानसिक स्वास्थ्य को उन्नत बनाने तथा मानसिक रोगों की रोकथाम में सहायता करती है।

International Council of Nurses (I.C.N.) के अनुसार

मनोरोग नर्सिंग, नर्सिंग विज्ञान की वह शाखा है जिसमें मानसिक रोगी की जाँच, उपचार तथा बचाव का अध्ययन किया जाता है।

According to Joyce Travelbee, psychiatric nursing is an interpersonal process through which a professional nurse helps in improving the mental health of an individual, family and community and in preventing mental diseases.

According to the International Council of Nurses (I.C.N.), psychiatric nursing is that branch of nursing science in which the examination, treatment and prevention of mental patients is studied.

प्रश्न . मानसिक रोगों के उपचार का वर्णन कीजिए।

Describe the treatment of mental illness.

अथवा

मनोरोग विज्ञान में उपचार की विधियां कौन-कौन सी हैं?

What are the methods of treatment in psychiatry.

उत्तर- मानसिक रोगों का उपचार (Treatment of Mental Illness) -

1. अस्पताल में भर्ती करना (Hospitalization)

रोगी को मानसिक रोगों की तीव्रता एवं समय के अनुसार अस्पवाल में भर्ती कर सकते हैं।

The patient can recruit in the hospital according to the intensity and time of mental diseases.

2. सायकोफार्मेकोलॉजी (Psychopharmacology) -

सायकोफार्मकोलॉजी में मानसिक रोगी के चिह्न व लक्षण के अनुसार दवाइयाँ प्रदान की जाती हैं, जैसे-

Medicines are provided according to the symbol and symptoms of mental patient in Symoofology, such as-

(a) मनोरोग रोधी दवाइयाँ

(b) अवसाद रोधी दवाइयाँ

(c) उन्माद रोधी दवाइयाँ

(d) तनावरोधी दवाइयाँ

(e) निद्राकारक रोधी दवाइयाँ

(a) Antipsychotic drugs

(b) Antidepressant drugs

(c) Antimania drugs

(d) Anti-anxiety drugs

(e) Anti-sedative drugs

3. मनोरोगोपचार (Psychotherapy) -

सायकोथैरेपी में चिन्ह एवं लक्षण के अनुसार निम्न चिकित्सा दी जाती है-

According to symptoms and symptoms in Saicotherapy, the following is given -

(a) संज्ञानात्मक चिकित्सा (Cognitive therapy)

(b) वातावरण चिकित्सा (Milieu therapy)

(c) व्यवहार चिकित्सा (Behaviour therapy)

(d) व्यवसायिक चिकित्सा (Vocational therapy)

(e) समूह चिकित्सा (Group therapy)

(f) संगीत चिकित्सा (Music therapy)

4. शारीरिक चिकित्सा (Physical Therapy) -

इसके अंतर्गत इलेक्ट्रोकनवल्सिव चिकित्सा (Electroconvulsive Therapy;

E.C.T.) प्रदान की जाती है।

It is provided electronvulsive therapy (E.C.T.).

Q. मानसिक रोगों का नर्सिंग प्रबंधन समझाइए।

Describe the nursing management of mental illness.

उत्तर- मानसिक रोगों का नर्सिंग प्रबंधन

(Nursing Management of Mental Illness)

नर्सिंग रोग निदान (Nursing Diagnosis)

नर्सिंग हस्तक्षेप (Nursing Intervention)

(a) अनुभूति विकार (Perceptual Disorder)

1. रोगी को जैसा है वैसा ही स्वीकार करें।

2. रोगी को निर्देशित करें कि वह वास्तविक घटनाओं तथा वर्तमान परिस्थिति के बारे में बात करें।

3. विभ्रम तथा मिथ्याबोध को उत्प्रेरित करने वाली घटनाओं पर ध्यान न दें।

4. रोगी के साथ लम्बे समय तक बातचीत न करें।

(b) सोच विकार (Thinking Disorder)

1. रोगी की बातों को अनदेखा न करें।

2. रोगी के साथ मित्रवत व्यवहार करें।

3. रोगी के साथ सरल एवं स्पष्ट भाषा में बात करें।

4. रोगी को अपनी बात कहने के लिए उत्साहित करें।

5. रोगी के अन्दर उपस्थित डर व घबराहट को दूर करें।

(c) खान पान विकार (Nutritional Disorder)

1. मरीज को उसकी रुचि के अनुसार भोजन दें।

2. नियमित अंतराल पर रोगी का वजन लेना चाहिए।

3. भोजन थोड़ी-थोड़ी मात्रा में दिन में कई बार देना चाहिए।

4. भोजन को आकर्षक एवं स्वच्छ तरीके से देना चाहिए।

(d) चिकित्सीय आवश्यकता (Therapeutic Needs)

1. प्रक्रिया के बारे में रोगी को समझाएं।

2. दवाइयों के लाभ एवं उनके विपरीत प्रभावों के बारे में रोगी व उसके परिवार के सदस्यों को बताएं।

3. दवाईयाँ देते समय पाँच सही (Five R's) को ध्यान में रखें।

(e) सुरक्षा (Safety)

1. रोगी के कमरे का वातावरण शांत व सुविधाजनक होना चाहिए।

2. रोगी के कमरे में चाकू, पत्ती या अन्य कोई चोट पहुंचाने वाला समान नहीं होना चाहिए।

3. यदि रोगी हिंसक या आक्रामक हो तो उसे नियंत्रित करने के लिए स्टाफ के सदस्य वहां उपस्थित हों।

4. रोगी को देने के लिए निद्राकारक दवाइयाँ उपस्थित होनी चाहिए।

(a) Perceptual Disorder

1. Accept the patient as he is.

2. Instruct the patient to talk about real events and the current situation.

3. Do not pay attention to events that induce hallucinations and false perceptions.

4. Do not talk to the patient for a long time.

(b) Thinking Disorder

1. Do not ignore the patient's words.

2. Be friendly with the patient.

3. Talk to the patient in simple and clear language.

4. Encourage the patient to say his point.

5. Remove the fear and nervousness present in the patient.

(c) Nutritional Disorder

1. Give food to the patient according to his interest.

2. The patient's weight should be taken at regular intervals.

3. Food should be given in small quantities several times a day.

4. Food should be given in an attractive and clean manner.

(d) Therapeutic Needs

1. Explain the procedure to the patient.

2. Explain the benefits and side effects of the medicines to the patient and his family members.

3. Keep in mind the five R's while giving medicines.

(e) Safety

1. The environment of the patient's room should be calm and comfortable.

2. There should be no knife, blade or any other item in the patient's room that can cause injury.

3. If the patient is violent or aggressive, staff members should be present to control him.

4. Sleeping medicines should be available to give to the patient.